EDII

Haribhoomi News - Bhopal

15 December, 2021

ईडीआईआई ने मप्र में साढ़े सात हजार उद्यमों को दिया बढ़ावा

चंदेरी, महेश्वर, बैतूल और ग्वालियर में प्रमुख कार्य किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदाबाद ने पिछले पांच साल में स्टार्टअप विलेज इंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम (एसवीईपी) के लिए मप्र में एमपीईडीआईआई के साथ काम करते हुए सात हजार पांच सौ से अधिक आजीविका उद्यमों को बढ़ावा दिया। जिनमें आदिवासी और महिला उद्यमियों की बहुलता रही है। यह बात ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ल ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत कही।

उन्होंने बताया कि ईडीआईआई प्रदेश के स्थानों पर हस्तशिल्प हथकरघा क्षेत्रों में व्यापक विकास कार्य के लिए प्रयासरत है। जिसमें चंदेरी और महेश्वर में हथकरघा, बैतूल में टेराकोटा और ग्वालियर में कालीन बनाने का कार्य प्रमुख है। शैक्षणिक क्षेत्र में ईडीआईआई, डीएसटी भारत सरकार के सहयोग से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पृष्ठभूमिके उद्यमियों को विकसित करने और फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से संसाधन विकसित कर रहा है। इस दिशा में ईडीआईआई ने मप्र के प्रमुख संस्थानों -मप्र कौशल विकास मिशन, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विवि ग्वालियर और राज्य सरकार के साथ कई अन्य एमओयू किए हैं। उन्होंने बताया कि ईडीआईआई मप्र में प्रमुख शिक्षा संस्थानों के सहयोग से फिनटेक, एडुटेक, क्लीनटेक, हेल्थटेक, बायोटेक आदि प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में छात्र उद्यमिता के लिए अनुकूल माहौल बनाना है। ईडीआईआई अपने क्षेत्रीय कार्यालय के माध्यम से कई कार्यक्रम संचालित कर रहा है।

SHOT ON MI 10i